आरंभ २०२६

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 190 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 01 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## गोदारा के बयान पर डोटासरा का पलटवार

### आरएसएस की पाठशाला में क्या यही सिखाते हैं-कौन कब शादी करेगा?'

भीलवाड़ा फोकस @ सीकर।

खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के राहुल गांधी की शादी पर दिए बयान को लेकर पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कड़ा जवाब दिया। डोटासरा ने कहा आरएसएस की पाठशाला में क्या यही सिखाया जाता है कि कौन कब शादी करेगा? किसी के निजी जीवन में झांकने का अधिकार किसने दिया। मंत्री जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह उनके संस्कार दर्शाती है।



डोटासरा ने सरकार पर विकास-विहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि बजट घोषणाओं का 10-15% भी पूरा नहीं हुआ, कई जगह डीपीआर तक नहीं बनी। स्कूल जर्जर हैं, बच्चे पेड़ों के नीचे पढ़ रहे हैं और सरकार AI शिक्षा की बात कर रही है। प्रतापगढ़ व झालावाड़ जैसे मामलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा दुरुस्त किए बिना हाई-टेक घोषणाएं भ्रम फैलाने वाली हैं।

डोटासरा ने अवैध खनन, बीसलपुर से बजरी चोरी, टेंडर निरस्तीकरण, सीकर के विकास कार्यों के ठप होने, सीवरेज व नगर निगम परियोजनाओं में देरी और भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। डोटासरा ने कहा कि सरकार भाषणों तक सीमित है । यमुना-नर्मदा का पानी, नौकरियां और पाइपलाइन केवल दावे हैं। प्रतिपक्ष जनता की आवाज है और 66% लोगों की चिंता सरकार नहीं सुन रही।

## बाथरूम में नहाते वक्त साइलेंट अटैकः 14 वर्षीय छात्रा की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

भीलवाड़ा फोकस @ बूंदी।



जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 14 वर्षीय स्कूली छात्रा की साइलेंट हार्ट अटैक से मौत हो गई। नहाने के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से छात्रा बाथरूम में ही बेसुध होकर गिर पड़ी। जब तक परिजन समझ पाते, बहुत देर हो चुकी थी।

मामला बांसी कस्बे का है। मृतका की पहचान हर्षिता सोनी (14) पुत्री महेश कुमार सोनी के रूप में हुई है, जो कक्षा 8वीं की छात्रा थी। घटना बुधवार सुबह की है। परिजनों के अनुसार हर्षिता छत पर बने बाथरूम में नहाने गई थी। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर गेट खटखटाया गया, आवाज देने के बाद भी प्रतिक्रिया नहीं मिली तो दरवाजा तोड़कर अंदर गए, जहां वह जमीन पर गिरी मिली।

परिजन तत्काल उसे बांसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार कुमावत ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं पाए गए, जिसके चलते हार्ट अटैक की आशंका जताई गई है।

परिवार ने बताया कि हर्षिता पढ़ाई में तेज और खेलकूद में भी सक्रिय थी। घटना के समय उसकी मां कोटा गई हुई थीं, जबकि पिता दुकान पर थे। बेटी की असमय मौत की सूचना मिलते ही मां की तबीयत भी बिगड़ गई, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हर्षिता का एक छोटा भाई भी है।

घटना के बाद कस्बे में शोक की लहर है और हर कोई इस असामान्य व हृदयविदारक घटना से स्तब्ध है।

## कोटा में सांड का कहरः राह चलते युवक को उठाकर पटक दिया, सीसीटीवी में कैद खौफनाक मंजर

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

**गर्वित** । शहर में खुले घूम रहे सांडों का आतंक एक बार फिर जानलेवा साबित होते-होते बचा। दिनदहाड़े पैदल जा रहे एक युवक पर सांड ने अचानक हमला कर दिया, उसे सींगों से उठाकर हवा में उछाला और जमीन पर पटक दिया। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, हालांकि मौके पर मौजूद लोगों की सूझबूझ से उसकी जान बच गई।



घटना कोटा के रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित पूनम कॉलोनी की है। बुधवार दोपहर को हुई यह पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें सांड को युवक पर हमला कर उसे उठाकर पटकते हुए साफ देखा जा सकता है।

हमले के बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को संभाला और मौके पर ही सीपीआर देकर उसे होश में लाने का प्रयास किया। होश आने पर युवक को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घायल की पहचान पूनम कॉलोनी निवासी नरेश सेन के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी सांड से यह तीसरी घटना है, जिसमें लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। कुछ दिन पहले भी सांडों की आपसी लड़ाई में एक अन्य व्यक्ति घायल हो चुका है। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्रवासियों में भय का माहौल है।

लोगों ने नगर निगम और प्रशासन से मांग की है कि खुले घूम रहे सांडों को जल्द पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए, ताकि किसी बड़ी जनहानि को रोका जा सके।

## धौलपुर में सनसनीखेज हत्याकांडः पत्नी ने प्रेमी से पति की हत्या करवाई, शव गड्ढे में फेंका



मृतक रविकांत



मृतक की पत्नी रजनी



प्रेमी शाहरुख

भीलवाड़ा फोकस @ धौलपुर।

जिले में रिश्तों को शर्मसार करने वाला हत्याकांड सामने आया है। पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की नृशंस हत्या करवा दी। प्रेमी ने पहले युवक को शराब पिलाई, फिर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी और शव को 50 फीट गहरे गड्ढे में फेंक दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मृतक की पत्नी फरार है।

घटना सैंपऊ थाना क्षेत्र के दौनारी गांव से जुड़ी है। विकास सांगवान ने बताया कि 29 दिसंबर की शाम शेरगढ़ किला के पास एक गड्ढे में युवक का शव मिला। मृतक की पहचान रविकांत सिंह (34) के रूप में हुई, जो बेंगलुरु में मजदूरी करता था। पुलिस जांच में सामने आया कि रविकांत की पत्नी रजनी ने प्रेमी शाहरुख (20) पर हत्या का दबाव बनाया। वारदात के बाद रजनी ने परिजनों को गुमराह करने के लिए पति की आत्मा आने की कहानी गढ़ी और उन्हें किले के पास ले गई, जहां खून से सनी चुनरी और पत्थर मिला।

पूछताछ में शाहरुख ने हत्या की पूरी साजिश कबूल कर ली। पुलिस के अनुसार मृतक के सिर और चेहरे को पत्थर से कुचला गया था। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। आरोपी प्रेमी गिरफ्तार है, जबकि पत्नी की तलाश जारी है।

## संपादकीय। जब सच बोलना जोखिम बन जाएः पत्रकारिता की बढ़ती कसौटियाँ

नव वर्ष का पहला दिन आशा, संकल्प और नई शुरुआत का प्रतीक होता है। समाज, शासन और व्यवस्था के साथ-साथ पत्रकारिता भी हर वर्ष इसी उम्मीद के साथ आगे बढ़ती है कि आने वाला समय अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाला होगा। लेकिन नए साल की दहलीज़ पर खड़े होकर जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो यह सवाल अनिवार्य रूप से उठता है-क्या पत्रकारिता का मार्ग आसान हुआ है या चुनौतियाँ और गहरी हुई हैं? आज पत्रकार केवल खबरें लिखने या दिखाने वाला व्यक्ति नहीं रहा, बल्कि वह सच और सत्ता के बीच खड़ा एक ऐसा स्तंभ है, जिस पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है। जिलेभर में पत्रकारों के विरुद्ध दर्ज हो रहे मामले, धमकियाँ, सामाजिक बहिष्कार, मानहानि के मुकदमे और कभी-कभी शारीरिक हमले इस बात की गवाही देते हैं कि सच कहना अब जोखिम भरा होता जा रहा है। सवाल यह नहीं कि पत्रकार गलतियाँ नहीं करते-गलतियाँ हर पेशे में होती हैं ,सवाल यह है कि क्या हर असहज सवाल को दबाने का रास्ता मुकदमे और भय का वातावरण बनाना ही होना चाहिए? लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका प्रहरी की होती है। जब पत्रकार सड़क, अस्पताल, स्कूल, पंचायत, नगर निकाय या प्रशासन की खामियों को उजागर करता है, तो उसका उद्देश्य टकराव नहीं, बल्कि सुधार होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि कई बार सच दिखाने को 'दुश्मनी' समझ लिया जाता है। जिले में ऐसे अनेक उदाहरण सामने आए हैं, जहां खबर प्रकाशित होने के बाद संवाद की जगह कार्रवाई, स्पष्टीकरण की जगह नोटिस और सुधार की जगह दबाव का रास्ता चुना गया। नव वर्ष के इस पहले दिन यह स्वीकार करना जरूरी है कि पत्रकारों के सामने आर्थिक असुरक्षा भी एक बड़ी चुनौती है। सीमित संसाधन, घटते विज्ञापन, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और डिजिटल दौर की तेज़ रफ्तार ने पत्रकारिता को और अधिक कठिन बना दिया है। इसके बावजूद, ज़मीनी पत्रकार आज भी जोखिम उठाकर सच्चाई सामने लाने का काम कर रहे हैं-कभी बिना सुरक्षा, कभी बिना समर्थन। समाज और प्रशासन, दोनों को यह समझना होगा कि स्वतंत्र पत्रकारिता किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि सबके हित में होती है। यदि पत्रकार सवाल पूछना बंद कर दें, तो लोकतंत्र की सांसें घुटने लगेंगी। जरूरत इस बात की है कि असहमति को दुश्मनी न माना जाए, आलोचना को अवसर समझा जाए और पत्रकारों के विरुद्ध मामलों की निष्पक्ष समीक्षा हो। नए साल पर यह संकल्प लिया जाना चाहिए कि पत्रकारिता को डर से नहीं, भरोसे से चलने दिया जाएगा। पत्रकार भी समाज का हिस्सा हैं -वे भी इसी मिट्टी से जुड़े हैं, इसी जिले, इसी शहर की आवाज़ हैं। उन्हें चुप कराने की नहीं, सुनने की जरूरत है। नव वर्ष 2026 पत्रकारों के लिए केवल कैलेंडर बदलने का नहीं, बल्कि विश्वास, सुरक्षा और सम्मान की नई शुरुआत लेकर आए-यही इस पहले दिन की सबसे बड़ी कामना है।



प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# टेक्सटाइल एण्ड हैंडीक्राफ्ट मेला 21 से 26 जनवरी तक, ग्रामीण हाट में होगा आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



स्थानीय उद्यमों, एमएसएमई, हस्तशिल्प एवं बुनकर उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा एक जिला-एक उत्पाद के अंतर्गत टेक्सटाइल उद्योग के विकास में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भीलवाड़ा टेक्सटाइल एण्ड हैंडीक्राफ्ट मेला का आयोजन 21 से 26 जनवरी तक ग्रामीण हाट में किया जाएगा।

मेले की तैयारियों को लेकर जसमीत सिंह संधू जिला कलक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने सफल उद्यमियों के टॉक शो आयोजित करने तथा राज्य सरकार की औद्योगिक विकास योजनाओं का होर्डिंग, बैनर व फ्लेक्स के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नगर विकास न्यास, रीको एवं राजीविका के अधिकारियों को उद्योग विभाग के साथ समन्वय कर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। वहीं आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को पंच गौरव के अंतर्गत स्टॉल लगाने के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक में उद्योग विभाग के महाप्रबंधक के.के. मीना ने बताया कि मेले का शुभारंभ 21 जनवरी को रंगोली एवं स्वागत गीत के साथ किया जाएगा। मेले का उद्देश्य न केवल स्थानीय एमएसएमई उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देना है, बल्कि औद्योगिक उत्पादों के प्रदर्शन के साथ दस्तकारों एवं हस्तशिल्पियों को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना भी है।

मेले में लगभग 60 स्टॉल लगाई जाएंगी। इनमें टेक्सटाइल उत्पाद, रेडीमेड गारमेंट, डेनिम फैब्रिक, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, वाहन, लेडीज कुर्तियां, शुद्ध मसाले, आचार-मुरब्बा, स्टोन कार्विंग, स्टील एवं लकड़ी का फर्नीचर, वुडन आइटम, इमीटेशन ज्वैलरी, आर.ओ. प्लांट, एग्रो उत्पाद, राजीविका महिला समूहों के उत्पाद तथा खान-पान से संबंधित स्टॉल प्रमुख आकर्षण रहेंगे।

शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताएं, ग्रीन एंड क्लीन भीलवाड़ा थीम पर गतिविधियां तथा मांडलगढ़ किले से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां अलग-अलग दिवसों में होंगी।

मेवाड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से आर.के. जैन, भीलवाड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन से प्रेम स्वरूप गर्ग एवं लघु उद्योग भारती से शंभू प्रसाद काबरा ने आयोजन में सहयोग व भागीदारी का आश्वासन दिया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शीतलगच्छ यश गुरुणी प्रोत्साहन मंडल की वर्षांत बैठक सम्पन्न



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

अहिंसा गौरवमणि राजस्थान प्रवर्तिनी गुरुणी मैया यशकंवरजी म.सा. के आशीर्वाद व साध्वी ज्योतिप्रभाजी म.सा. की प्रेरणा से संचालित शीतलगच्छ यश गुरुणी प्रोत्साहन मंडल की वर्ष 2025 की अंतिम बैठक शीतल स्वाध्याय भवन, काशीपुरी में साध्वी मंडल के सानिध्य में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्याध्यक्ष नीता बाबेल ने की। नवकार महामंत्र व यश चालीसा पाठ के साथ शुभारंभ हुआ। बैठक में बीते वर्ष का आत्ममूल्यांकन कर आगामी वर्ष की सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों की रूपरेखा तय की गई। नीता बाबेल ने समाज व परिवार की उन्नति हेतु यश गुरुणी मैया के मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। अंत में प्रश्न मंच आयोजित हुआ और उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

## एकादशी पर काशीपुरी धाम में श्री श्याम गुणगान, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



शहर के काशीपुरी धाम स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी के पावन अवसर पर श्री श्याम गुणगान भजन संध्या भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत कर भजनों का रसपान किया। भजन गायक राहुल जादम किशनगढ़ ने हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा सहित कई लोकप्रिय भजनों से भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। श्री श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने कहा कि भक्तों की आस्था और सहभागिता समिति को निरंतर धार्मिक आयोजनों के लिए प्रेरित करती है। मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि आगामी फाल्गुन महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं तथा 22 फरवरी को एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

## आनंदधाम में ब्रजेश महाराजश्री के उत्सव पर आयोजित हुई भजन संध्या




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

श्री आनंदधाम हवेली मंदिर में तिलकायत कांकरोली नरेश ब्रजेश कुमार महाराज के उत्सव पर आयोजित भजन संध्या में भजन गायिका युक्ति ओझा ने राधे राधे बोल श्याम आएंगे सहित ब्रज भाव भरे भजनों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। आनंदधाम ट्रस्टी सुमन बाहेती ने बताया कि गणेश वंदना से शुरुआत हुई। इस अवसर पर श्रीनाथजी व द्वारकाधीश प्रभु का विशेष श्रृंगार कर पोषबड़े का भोग अर्पित किया गया, तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम में युक्ति ओझा का सम्मान भी किया गया। साथ ही उन्हें स्व. रामजस सोडाणी स्मृति-धर्म प्रचार प्रसार सम्मान 2025 से अलंकृत किया गया।

## श्री राम मंडल स्थापना दिवसः 101 सदस्यों ने किए देव स्थलों के दर्शन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

श्री राम मंडल के 32वें स्थापना दिवस पर मंडल के 101 सदस्यों ने बीकानेर व चूरू जिलों के प्रमुख धार्मिक व दर्शनीय स्थलों की यात्रा की। यात्रा की शुरुआत गांधीनगर स्थित गणेश मंदिर से दो बसों द्वारा हुई, जिसे लालजी महाराज सूरास और अशोक कोठारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंडल अध्यक्ष शांति प्रकाश मोहता के नेतृत्व में सदस्यों ने पूनरासर धाम और इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ कर अखंड ज्योत जलाते हुए शहर में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने करणी माता मंदिर, अंजनी माता, बयाजी भेरूजी, लखासर भेरूजी, तोलियासर भेरूजी व आडसर माता मंदिर में दर्शन किए। कार्यक्रम संयोजक रामावतार शर्मा व यात्रा प्रभारी मुकेश वर्मा, संजय पारीक सहित कई सदस्यों ने आयोजन में सहयोग किया।

## जहाजपुर क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्यों का शिलान्यास आज

भीलवाड़ा केसरी @ जहाजपुर

(गजानंद जोशी)।

विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास गुरुवार को किया जाएगा। गोपीचंद मीणा विधायक एवं एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पीपलुद, ऊलैला तथा गुड्डा ग्राम पंचायतों में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत विकास कार्यों का शिलान्यास होगा।

इसके साथ ही क्षेत्र के प्रसिद्ध घटारानी माता मंदिर के विकास के लिए राज्य सरकार ने 9 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की है। सभी महत्वपूर्ण कार्यों का शिलान्यास ग्रामीणों की उपस्थिति में किया जाएगा।

## जिला साहित्यकार परिषद् के चुनाव सम्पन्न, मेठानी पुनः अध्यक्ष बने

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




जिला साहित्यकार परिषद भीलवाड़ा के चुनाव सिन्धुनगर स्थित हेमू कालानी भवन में चुनाव अधिकारी अवधेश जौहरी की देखरेख में सम्पन्न हुए। अध्यक्ष पद हेतु केवल दयाराम मेठानी का नाम आया। मेठानी के नाम का प्रस्ताव जयप्रकाश भाटिया ने रखा तथा उसका समर्थन दिनेश दीवाना ने किया। इसके पश्चात चुनाव अधिकारी ने किसी और नाम के लिये कहा लेकिन सभी उपस्थित सदस्यों ने मेठानी के नाम का समर्थन किया। इसके बाद चुनाव अधिकारी ने मेठानी को सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इस पर सभी सदस्यों ने मेठानी को फूलमालाओं से लादकर बधाई दी। बाद में मेठानी ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें दिनेश दीवाना व जयप्रकाश भाटिया को उपाध्यक्ष, महेन्द्र शर्मा महासचिव, ओम उज्जवल सचिव, बृजसुन्दर सोनी कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य के रुप में दिव्या ओबेराय एवं श्यामसुन्दर तिवाड़ी को मनोनीत किया।

## राज्य स्तरीय शिक्षक क्रीड़ा प्रतियोगिता, रिले में भीलवाड़ा उपविजेता



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय आमापुरा में 30 व 31 दिसंबर को आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय शिक्षक क्रीड़ा प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले की एथलेटिक्स टीम ने 4м100 मीटर रिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान उपविजेता हासिल किया।

रिले टीम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लसाड़िया (कोटड़ी) के वरिष्ठ अध्यापक हेमराज सिंह राठौड़, रूपपुरा (शाहपुरा) के दिनेश कुमार कहार, गुढ़ा (सहाड़ा) के कालुलाल जाट तथा बिकराई (सहाड़ा) के कुलदीप चौधरी शामिल रहे। इस उपलब्धि से जिले को गौरव प्राप्त हुआ।

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी सराहनीय प्रदर्शन रहा-हेमराज सिंह राठौड़ ने 200 मीटर में राज्य स्तर पर चौथा स्थान, जबकि दिनेश कुमार कहार ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ व सहकर्मियों ने टीम को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## आजाद नगर माहेश्वरी महिला संगठन का 'सेवा से सहयोग तक' सम्मान कार्यक्रम



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

आजाद नगर माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा क्षेत्रीय माहेश्वरी भवन में 'सेवा से सहयोग तक' सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष डॉ राखी राठी ने की। उन्होंने कहा कि समाज की सेवा हम सबका दायित्व है और विशिष्ट कार्य अन्य समाजजनों को भी प्रेरणा देते हैं। सचिव संगीता काकानी ने बताया कि संगठन के अंतर्गत समिति प्रभारियों, कार्यकारिणी सदस्यों तथा तन-मन-धन से सहयोग देने वाली सदस्याओं का मोनेंटो देकर सम्मान किया गया। समारोह में महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया तथा संगठन से संबंधित प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई।

इस अवसर पर महिला संगठन ने आजाद नगर भवन समिति को टेबल व पोडियम भेंट किए। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी व नगर/प्रदेश पदाधिकारी सहित लगभग 65 सदस्याएं उपस्थित रहीं।



QUICK BITES

## वार्डों की संख्या घटाने पर ग्रामीणों में रोष, वार्ड बढ़ाने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



(दिलखुश)। ग्राम पंचायत घटियाली के राजस्व गांव नाडी में वार्डों की संख्या को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने वार्डों की संख्या कम किए जाने का विरोध करते हुए बुधवार को सावर उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और वार्डों की संख्या पुनः बढ़ाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि पहले नाडी गांव में दो वार्ड थे, लेकिन वर्तमान में वार्डों की संख्या घटाकर एक कर दी गई है। जबकि गांव में लगभग 750 से अधिक मतदाता और 2500 से 3000 के बीच आबादी निवास करती है। इतनी बड़ी आबादी के लिए एक ही वार्ड होना उचित नहीं है।

ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड पंच के माध्यम से ही गांव की समस्याएं और विकास से जुड़े मुद्दे पंचायत में रखे जाते हैं। यदि वार्डों की संख्या अधिक होगी तो गांव का प्रतिनिधित्व भी मजबूत होगा और जनसमस्याओं का समाधान बेहतर तरीके से हो सकेगा।

प्रशासन से मांग की गई है कि जनसंख्या और मतदाताओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए राजस्व गांव नाडी में वार्डों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि गांव का समुचित और प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके।

## विधायक अशोक कोठारी ने कुंवाड़ा में वीर तेजाजी महाराज के दर्शन कर सुनीं जनसमस्याएं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



शहर विधायक अशोक कोठारी ने कुंवाड़ा खान के समीप स्थित वीर तेजाजी महाराज मंदिर के पावन स्थल पर पहुंचकर क्षेत्रवासियों से संवाद किया और उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने तेजाजी महाराज के स्थान के पास विश्रांति गृह, भोजशाला व चारदीवारी निर्माण की मांग के साथ ही पानी, बिजली और सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।

विधायक कोठारी ने सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कोठारी ने वीर तेजाजी महाराज के दर्शन एवं आशीर्वाद लेकर की। इसके पश्चात प्रधानमंत्री की पहल 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया और क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण व रखरखाव का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सत्यनारायण गुग्गड़, चेतन मानसिंहका, गजेंद्र सिंह, दिनेश सुथार, करण सिंह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण पर कॉन्ट्रेक्टर दिलीप सिंह का किया अभिनंदन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



शास्त्रीनगर मुक्तिधाम से यमुना विहार तक लगभग एक किलोमीटर लंबी जर्जर सड़क के निर्माण कार्य का दायित्व विधायक अशोक कोठारी की अनुशंसा पर पीडब्ल्यूडी द्वारा कॉन्ट्रेक्टर दिलीप सिंह चौहान को सौंपा गया था।

निर्धारित समय में भीलवाड़ा की सबसे उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने पर कुमुद विहार क्षेत्रवासियों ने चौहान का शाल ओढ़कर एवं पौधा लगा गमला देकर सम्मान किया। इस अवसर पर कॉलोनीवासियों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता की सराहना की। कुमुद विहार निवासी राधेश्याम तोतला, प्रकाश छाबड़ा, बाबूलाल जाजू, प्रभात जैन, अजय लोहिया, सुरेन्द्र डांगी, जगदीश कोगटा, महेश मोदानी, राजकुमार गदिया, निरंजन पाटनी, दीपक करवा, चेतनप्रकाश मुणोत सहित कुमुद विहार क्षेत्रवासियों ने इस सड़क निर्माण के लिए विधायक अशोक कोठारी का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की।

# घर में रस्सी के सहारे लटका मिला युवक, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

थाना क्षेत्र के नंदराय ग्राम में बुधवार सुबह एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई । 25 वर्षीय भगवान बलाई पिता मोती बलाई का शव घर के भीतर रस्सी के सहारे आधी लटकी अवस्था में मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार भगवान अपनी दादी नंदू देवी के साथ रहता था। सुबह दादी घर में झाड़ू लगा रही थीं, तभी टंकी के पास युवक गले में फंदा डाले आधी बैठी स्थिति में दिखाई दिया। शोर सुनकर ग्रामीण एकत्र हुए और पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड व एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। परिजनों ने मामले को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। बताया गया कि युवक का करीब 7-8 माह पूर्व नाता विवाह हुआ था।

थानाधिकारी महावीर मीणा ने बताया कि मामला संदिग्ध है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# नया साल... नई उम्मीदें, लेकिन क्या बदलेगा शहर का सच?

## 2026 में मिलेगी अव्यवस्थित यातायात और अतिक्रमण से राहत या फिर दोहराई जाएगी वही पुरानी कहानी...



अप्सरा कॉम्प्लेक्स के नजदीक फैला अतिक्रमण



आजाद चौक रोड



बाजार नंबर तीन



डी-प्लाजा के पास वाली गली के हालात

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

(राजेश जीनगर )

हर नया साल अपने साथ उम्मीदों का गुलदस्ता लेकर आता है। कैलेंडर बदलता है, तारीखें आगे बढ़ती हैं, संकल्प लिए जाते हैं। लेकिन शहर के हालात?

वो वहीं के वहीं खड़े नजर आते हैं।

भीलवाड़ा का दिल कहे जाने वाला आजाद चौक, वर्षों से अव्यवस्था का चेहरा बना हुआ है। अतिक्रमण, अव्यवस्थित यातायात और दुर्घटनाओं की आशंका सब कुछ जस का तस। सवाल यह है कि जब शहर की नब्ज ही बीमार है, तो जिम्मेदार लोग अब तक खामोश क्यों हैं?

2025 में स्वच्छता रैंकिंग में नाम कमाने वाला नगर निगम, जमीनी हकीकत में कई वार्डों में फिसड्डी नजर आता है। खासकर मुख्य बाजार क्षेत्र, जहां हर दिन वाहन चालकों और पैदल राहगीरों की परीक्षा होती है। नतीजा जाम, झुंझलाहट और खतरा।



प्रताप टाकीज़ तोड़कर बनाए जा रहे काम्प्लेक्स के नजदीक अतिक्रमण।

व्यवस्थित यातायात को लेकर यातायात प्रभारी बाबूलाल टेपण ने बातचीत में भरोसा दिलाया कि नए साल में आमजन को राहत देने के प्रयास किए जाएंगे। हालांकि टेपण ने साफ कहा कि जब तक नगर निगम अतिक्रमण हटाने में गंभीरता नहीं दिखाएगा, तब तक यातायात व्यवस्था पूरी तरह सुधरना मुश्किल है।

आजाद चौक के रहवासियों का दर्द भी कम नहीं। उनका कहना है कि वे कई बार क्षेत्रीय पार्षद को हालात से अवगत करा चुके हैं, लेकिन नतीजा शून्य। हाल ही में एक स्कूटी सवार महिला, चौराहे के बीच खड़े अमेरिकन भुट्टे के ठेले से बचने के प्रयास में कार से टकरा गई और घायल हो गई।

स्थानीय लोग बताते हैं कि यहां रोज़ाना झगड़े और हादसों की नौबत बनती रहती है। दुपहिया वाहन लेकर निकलना मानो किस्मत आजमाने जैसा हो गया है।

आजाद चौक ही नहीं, बाजार नंबर तीन और छीपा बिल्डिंग के पीछे का इलाका भी अव्यवस्था का दूसरा नाम बन चुका है। सड़क किनारे खड़े फल-फ्रूट के ठेले हर वक्त जाम की स्थिति बनाए रखते हैं। वहीं बाजार नंबर तीन में कुछ दुकानदारों द्वारा दुकान से ज्यादा सामान सड़क पर सजा देने से 20 फीट की सड़क सिमटकर महज 5 फीट की रह जाती है। ऐसे में दोपहिया और चौपहिया वाहनों की आवाजाही किसी चुनौती से कम नहीं।

उधर, प्रताप टॉकीज को तोड़कर बनाए जा रहे निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स के आसपास भी हालात बिगड़ते जा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि लोहे की चद्दरों की आड़ में अतिक्रमण तेजी से फैल रहा है, लेकिन जिम्मेदारों की नजर अब तक वहां नहीं पहुंची।

नया साल 2026 नई उम्मीदों और नए सपनों के साथ दस्तक दे चुका है। लेकिन शहरवासियों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है

क्या यह साल सिर्फ तारीख बदलेगा या शहर की तस्वीर भी बदलेगी?

क्या अतिक्रमण हटेगा, यातायात सुधरेगा और आमजन को राहत मिलेगी?

# भक्तिमय हुआ लसाड़िया गांव , गुंजे हरि बोल के जयकारे

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( **सांवर वैष्णव** ):- क्षेत्र के लसाड़िया गांव में बुधवार को हरि बोल प्रभात फेरी का आयोजन किया गया । जिससे गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया, हरि बोल प्रभात फेरी में आसपास की दर्जनों गांवों की मंडलिया शामिल हुई। इस दौरान महंत दीपक पुरी जी महाराज हरि बोल प्रभात फेरी में शामिल हुए । ग्रामीणों ने बताया कि गांव की दर्जनों महिलाओं द्वारा एकादशी व्रत की पूर्णाहुति के दौरान बुधवार को हरि बोल प्रभात फेरी का आयोजन किया



गया । सुबह 9:15 बजे चारभुजा नाथ मंदिर से भगवान की शोभायात्रा व प्रभात फेरी प्रारंभ हुई, जो हनुमान मंदिर, ककरोलिया मार्ग, तेजाजी चौक सहित गांव के विभिन्न मार्गो से होकर हरि बोल प्रभात फेरी गुजरी, इस दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा व प्रभात फेरिया का स्वागत किया । ढोलक मंजीरे व ताल पर हरि भजनों पर भक्तगण नाचते गाते चले । गांव की गलियां हरि बोल व जयकारों से गूंज उठे । शाम 4 बजे हरि बोल प्रभात फेरियां का चारभुजा मंदिर पर समापन हुआ, इस दौरान आसपास के 108 गांवों की प्रभात फेरी की मंडलियां पहुंची । भगवान को प्रसादी का भोग लगाकर प्रसादी वितरण की गई ।।

# जिला तीरंदाजी में किरण प्रजापत का स्वर्णिम प्रदर्शन, विधायक ने दी 3.90 लाख की खेल सहायता

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

रोपा विद्यालय की छात्रा एवं रोपा निवासी किरण प्रजापत पिता प्रहलाद प्रजापत ने जिला स्तरीय तीरंदाजी खेलकूद प्रतियोगिता में इंडियन राउंड से खेलते हुए वर्ष 2023 से 2026 तक लगातार भीलवाड़ा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए किरण ने लगातार तीन बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में 2025 व 2026 में 11वां स्थान प्राप्त कर किरण ने ओलंपिक राउंड में भी भागीदारी की,



जिससे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ। खेल में आगे बढ़ने के उद्देश्य से बुधवार को किरण अपने पिता के साथ जहाजपुर विधायक एवं एसीटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा से मिलीं और सहयोग की मांग रखी।

किरण व उनके पिता ने बताया कि वे एक गरीब किसान परिवार से हैं और उच्च स्तर पर खेलने के लिए रिकर्व धनुष की आवश्यकता है। इस पर विधायक गोपीचंद मीणा ने बालिका का उत्साहवर्धन करते हुए विधायक मद से खेल विकास योजना के अंतर्गत तीरंदाजी खिलाड़ी हेतु 3,90,000 रुपए की स्वीकृति जारी की। सहायता मिलने पर किरण प्रजापत एवं उनके पिता ने विधायक का आभार जताया। विधायक मीणा ने कहा कि युवा खिलाड़ी देश का भविष्य हैं और उनकी मदद के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

# तीर्थाणी बने महाराष्ट्र प्रभारी व राष्ट्रीय संत संपर्क प्रमुख, महामंडलेश्वर व संतों से लिया आशीर्वाद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भारतीय सिंधु सभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक कानपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष भगतराम छाबड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में देशभर से पदाधिकारी, मातृशक्ति एवं युवा इकाई के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में संगठनात्मक दायित्वों का विस्तार करते हुए सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थाणी को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ महाराष्ट्र प्रभारी तथा राष्ट्रीय संत संपर्क प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई।

जिला प्रवक्ता पंकज आडवाणी ने बताया कि नए दायित्व मिलने के पश्चात तीर्थाणी के भीलवाड़ा प्रवास के दौरान हरी शेवा उदासीन आश्रम में संत-महात्माओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम



उदासीन सहित ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम के महंत स्वरूपदास, श्री शांतानंद उदासीन आश्रम के महंत हनुमानराम, श्री तुलसी किशन धाम के स्वामी ईसरदास, इंदौर के स्वामी मोहनदास व चंदन, आश्रम के संत मायाराम, संत गोविंदराम सहित अन्य संतों ने तीर्थाणी को नए दायित्व के निर्वहन हेतु आशीर्वाद प्रदान किया।

बताया गया कि महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन का भारतीय सिंधु सभा, राजस्थान न्यास को निरंतर मार्गदर्शन व आशीर्वाद मिलता रहा है, जिससे युवा व मातृशक्ति में सनातन संस्कारों के संवर्धन का अवसर प्राप्त होता है।

संभाग प्रभारी वीरूमल पुरसवाणी ने जानकारी दी कि तीर्थाणी इससे पूर्व राजस्थान में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं तथा पिछले तीन वर्षों से गुजरात व दिल्ली के प्रभारी के रूप में निरंतर प्रवास करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को सशक्त बना रहे हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष परमानंद गुरनाणी, ओम गुलाबाणी, लक्ष्मणदास लालवाणी, परमानंद तनवाणी, किशोर कृपलाणी, गोपाल नानकाणी, नरेन्द्र रामचंदाणी, धीरज पेसवाणी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नववर्ष के स्वागत में संघर्षशील शाहपुरा

# हक और पहचान की जंग में 2025 बना आंदोलन, संकल्प और जनभागीदारी का साल

## न झुका, न रुका शाहपुराः 2025 में हर मोर्चे पर लड़ा शहर

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**मूलचंद पेसवानी**

नववर्ष के आगमन पर पीछे मुड़कर देखें तो 2025 शाहपुरा के इतिहास में संघर्ष, जनभावना और अडिग संकल्प का वर्ष बनकर दर्ज होता है। यह साल शाहपुरा की जनता के धैर्य, आक्रोश और उम्मीद तीनों का सशक्त प्रतिबिंब रहा। जिला बहाली की मांग से लेकर सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों तक, हर मंच से यही संदेश निकला कि शाहपुरा अपने हक, पहचान और भविष्य के सवाल पर पीछे हटने वाला नहीं है।

साल की शुरुआत ठंड और कोहरे के साथ हुई, मगर सियासी तापमान ऊंचा रहा। 'शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन' ने नए सिरे से गति पकड़ी। वकील संगठनों, व्यापारियों, सामाजिक संस्थाओं और आम नागरिकों ने एक स्वर में जवाब मांगा। यह आंदोलन केवल प्रशासनिक मांग नहीं रहा, बल्कि शाहपुरा की जन-अस्मिता का प्रतीक बन गया।

समय के साथ आंदोलन और मुखर हुआ -



धरना-प्रदर्शन, रैलियां, काली पट्टी विरोध, ज्ञापन और गिरफ्तारियां शहर की दिनचर्या का हिस्सा बनीं। जनता का आक्रोश इस बात पर था कि जिस जिले का सपना दिखाया गया, उसे बिना ठोस कारण छीना गया। इसी दौरान विधायक डॉ. लालाराम बैरवा की भूमिका भी सामने आई सरकार से संवाद, विधानसभा में आवाज और सड़क, पेयजल, शिक्षा व चिकित्सा से जुड़ी योजनाओं की स्वीकृतियां। हालांकि जनभावना यह भी रही कि घोषणाओं के साथ-साथ जमीन पर काम की रफ्तार और तेज दिखे।

इसी बीच रामस्नेही संप्रदाय का भव्य फूलडोल महोत्सव शाहपुरा की पहचान बनकर उभरा। देशभर से आए श्रद्धालुओं, सत्संग, भजन, शोभायात्रा और अनुष्ठानों ने शहर को आस्था के रंग में रंग दिया। संघर्षों के बीच यह आयोजन सांस्कृतिक ऊर्जा बना और स्थानीय व्यापार-सेवाओं को भी संबल मिला। साल के मध्य में सामाजिक गतिविधियां तेज रहीं-विभिन्न समाजों के सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान और धार्मिक आयोजन सामाजिक एकजुटता का संदेश देते रहे। वहीं कुछ दुखद दुर्घटनाओं और असामयिक मौतों ने क्षेत्र को शोक में डुबोते हुए प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल भी खड़े किए।

आगे बढ़ते महीनों में कानून-व्यवस्था चिंता का विषय बनी। तस्करों द्वारा पुलिस पर फायरिंग जैसी गंभीर घटनाएं सामने आई। वन क्षेत्रों में लकड़ी तस्करी और कथित मिलीभगत के आरोपों ने शासन-प्रशासन के लिए चेतावनी का काम किया।

साल के अंतिम चरण में विकास से जुड़ी मांगें फिर मुखर हुईं। एनएच-158 के अधूरे हिस्से, सड़क निर्माण और परिवहन सुविधाओं को लेकर जनआक्रोश चरम पर पहुंचा। खून से लिखे ज्ञापन और उग्र विरोध ने जनता की हताशा और गुस्से को उजागर किया। त्योहारों और धार्मिक आयोजनों ने माहौल को कुछ हल्का किया, लेकिन हर मंच पर सवाल वही गूंजता रहा- शाहपुरा का कसूर क्या है? '

वर्षांत तक जिला बहाली पर ठोस निर्णय नहीं आया, फिर भी सामाजिक एकता, धार्मिक आयोजनों और जनभागीदारी ने साबित किया कि शाहपुरा टूटता नहीं-संघर्ष में और मजबूत होता है।

कुल मिलाकर, 2025 शाहपुरा के लिए इंतजार, आंदोलन और इरादों का साल रहा। जनता ने साफ कर दिया कि वह अपने हक और पहचान की लड़ाई लंबी लड़ने को तैयार है। नए साल के साथ शाहपुरा को उम्मीद है-नए फैसलों, नई शुरुआत और सकारात्मक बदलावों की।

## QUICK BITES

### 17.77 ग्राम एमडी जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। भीमगंज थाना पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए 17.77 ग्राम मादक पदार्थ एमडी जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया की 29 दिसंबर को गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए दो युवकों को डिटेन किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध मादक पदार्थ एमडी 17.77 ग्राम बरामद किया गया। आरोपियों की पहचान आफताफ सिलावट उर्फ मॉडल (23) निवासी गुलजारनगर, थाना भीमगंज तथा वसीम अकरम उर्फ पुई उर्फ अक्कू (27) निवासी गुल अली नगरी, थाना सुभाषनगर के रूप में हुई है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त थे।

### राजस्थान ओबीसी आयोग की भीलवाड़ा में जिला स्तरीय जनसुनवाई, सशक्त नीति निर्माण पर मंथन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा बुधवार को नगर निगम सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयोग अध्यक्ष न्यायाधीश (सेनि.) मदनलाल भाटी, सदस्य गोपाल कृष्ण शर्मा, ओबीसी संगठनों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं अन्य हितधारक उपस्थित रहे।

आयोग की जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि जनसंवाद के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया और हितधारकों से सुझाव प्राप्त किए गए। आयोग अध्यक्ष मदनलाल भाटी ने कहा कि ओबीसी समुदाय को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए सशक्त एवं समावेशी नीति निर्माण की आवश्यकता है। आयोग पदाधिकारियों, हितधारकों और आमजन से प्रत्यक्ष संवाद कर प्राथमिक टिप्पणियां व सुझाव संकलित कर रहा है, जिन पर समुचित विचार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के पिछड़ेपन के अध्ययन हेतु आयोग ई-मेल, कार्यालय प्रस्तुतियों तथा जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से संस्थाओं/हितधारकों से सुझाव आमंत्रित कर रहा है। जनसुनवाई में पंचायतीराज एवं नगरीय निकाय चुनावों में ओबीसी प्रतिनिधित्व को लेकर आमजन व संगठनों ने क्रमवार अपने परिवाद और सुझाव आयोग के समक्ष रखे।

आयोग अध्यक्ष ने उपस्थित जनसमूह को राजस्थान में ओबीसी को प्रदत्त आरक्षण, आयोग के गठन का उद्देश्य, कार्यक्षेत्र एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बताया गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप आयोग को स्थानीय निकायों (ग्रामीण/शहरी) में सभी स्तरों पर ओबीसी के पिछड़ेपन की प्रकृति का समसामयिक एवं अनुभवजन्य अध्ययन कर, पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में ओबीसी आरक्षण संबंधी अनुशंसाएं निर्धारित समय में राज्य सरकार को प्रस्तुत करनी हैं।

इसके लिए गठित पांच सदस्यीय राज्य स्तरीय ओबीसी आयोग सामाजिक व शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के कल्याण और स्थानीय निकायों में उनके समुचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व हेतु आरक्षण का फार्मूला तय करने पर कार्य कर रहा है। इसी रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश में आरक्षण लागू किया जाएगा। हितधारकों ने जातीय जनसंख्या के आधार पर वर्गीकरण, जातिगत सर्वे, तथा ओबीसी महिलाओं की समुचित भागीदारी व आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

कार्यक्रम में राकेश पाठक (महापौर), रामलाल योगी (उपमहापौर), शंकर लाल गुर्जर (उपजिला प्रमुख), प्रतिभा देवठिया (एडीएम सिटी), चिमन लाल (यूआईटी ओएसडी), हेमाराम चौधरी (नगर निगम आयुक्त) सहित अन्य जनप्रतिनिधि, ओबीसी संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### कृतज्ञ की करामातः जनरल नॉलेज में बड़ों को भी कर रहे हैरान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिले से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित गुरला गांव के रहने वाले छह वर्षीय कृतज्ञ माली अपनी असाधारण जनरल नॉलेज के कारण चर्चा में हैं। इतनी कम उम्र में उनका ज्ञान देखकर अच्छे-अच्छे जानकार भी दंग रह जाते हैं। बताया जाता है कि कृतज्ञ को भारत, राजस्थान और विशेष रूप से महाराणा प्रताप के वंशजों से जुड़े प्रश्नों की गहरी और सटीक जानकारी है। वे सवालों के उत्तर पूरे आत्मविश्वास के साथ धारा प्रवाह रूप में देते हैं, जिस पर सहज ही विश्वास नहीं होता कि यह ज्ञान महज छह साल के बच्चे का हो सकता है। कृतज्ञ अपनी इस उपलब्धि का श्रेय ईश्वर की कृपा के साथ-साथ अपने दादा-दादी, माता-पिता, परिवारजनों और गुरुजनों के मार्गदर्शन को देते हैं। वे गुरला स्थित एक निजी विद्यालय में कक्षा 1 के छात्र हैं। कृतज्ञ के पिता सत्येन्द्र माली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवरती में हिंदी व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता दीप्ति माली सृजन विद्यापीठ निजी विद्यालय में अध्यापिका हैं। शैक्षणिक वातावरण और पारिवारिक संस्कारों के बीच पला-बढ़ा कृतज्ञ आज कम उम्र में ही ज्ञान का अद्भुत उदाहरण बनकर उभरा है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।